पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

सर्वोदय विद्यालयों के खिलाड़ियों को मिलेगा हुनर दिखाने का मौका, दो चरणों में होंगी खेल प्रतियोगिताएं

18–19 नवंबर को जनपद और 26 से 28 नवंबर तक मंडल स्तर पर होंगे मुकाबले

कबड्डी, वॉलीबाल, दौड़ और भाला फेंक में दमखम दिखाएंगे विद्यार्थी

लखनऊ : 12 नवम्बर, 2026

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए शैक्षणिक सत्र 2026–27 में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताएं दो चरणों में होंगी। पहले चरण में 18 और 19 नवंबर को जनपद स्तर पर तथा दूसरे चरण में 26, 27 और 28 नवंबर को मंडल स्तर पर मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

प्रतियोगिताओं में कबड्डी और वॉलीबाल के साथ एथलेटिक्स को भी शामिल किया गया है। एथलेटिक्स में 100, 200 और 400 मीटर दौड़ की प्रतियोगिताएं जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में होंगी, जबकि भाला फेंक में सीनियर वर्ग के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। जूनियर वर्ग में कक्षा छह से आठ और सीनियर वर्ग में कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे।

जनपद स्तर पर प्रतियोगिताओं के आयोजन की जिम्मेदारी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को सौंपी गई है, जबकि मंडल स्तर पर संयुक्त एवं उप निदेशक समाज कल्याण नोडल अधिकारी होंगे। संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य आयोजन की व्यवस्थाएं संभालेंगे। प्रतियोगिताओं के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों का विवरण व तस्वीरें निदेशालय को भेजी जाएंगी। इस पहल से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

सम्पर्क सूत्रः आशिया खातून

अवनीश श्रीवास्तव /5:40PM

फोन नम्बर Direct : 0522 2239023 ई0पी0बी0,क्स0 : 0522 2239132 33 34 35 ,एक्सटेंशन : 223 224 225

फैक्स नं0 : 0522 2237230 0522 2239586 ई–मेल :upsoochna@gmail-com

वेबसाइट :www.information.up.gov